Salary : 30,000/- to 35000/-
2) P.E.Ts & WARDENS (Male & Unmarried)
Graduates / B.P.Ed.
Salary : 15,000
Google Map →
Candidates willing to stay on campus should apply.
Staff will be provided accommodation with Mess Facility.
GURUKULA VIDYAPEETH HIGH SCHOOL
IBRAHIMPATNAM, RANGA REDDY DIST - 501 506.
Ph: 8977321581, Email: gvpdsrao@yahoo.co.in

GOWTHAM MODEL SCHOOLS
Technology Enabled Education
WE ARE HIRING
TEACHERS FOR ALL SUBJECTS
Interview Venues - GMS Branches
- West Marredpally
- Metro Plaza, Beside Henna Mansion Function Hall, Asif Nagar Road, Mehdipatnam
- Dolphin Estates, Beside Telephone Exchange, Main Road, Chandanagar (BHEL)
- Backside of RTC Bus Depot, Dwarakapuram, New Dilsukhnagar
- Adjacent to SVR Tours and Travels Lane, Ameerpet X Road
Interested candidates may please call the following numbers for further details
96666 01170/ 96666 01174/ 96666 01179
Note: Candidates are requested to bring Educational Certificates, Photo, Aadhaar and Bank Details

SREENIDHI INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
Website: www.sreenidhi.edu.in
SNIST is in search of talented, motivated, and research-oriented faculty members for various faculty positions in the following departments:
CSE, IT, CSE AI & ML, CSE DS, CSE CS and CSE IoT
POSITIONS: Assistant Professor/ Associate Professor/ Professor
QUALIFICATION: B. Tech & M. Tech in CSE or IT for the position of an Assistant Professor and a PhD for higher positions.
Interested candidates should furnish the required details within 10 days in the google form, https://bit.ly/3azek6z
Interviews for the shortlisted candidates will be held at the SNIST campus.
We are also open to WALK-IN INTERVIEWS at SNIST and Vijayawada.
For further details, contact: careers@sreenidhi.edu.in
PRINCIPAL

SBI
రెగ్యులర్ ప్రాతిపదికన స్పెషలిస్టు అధికారుల నియామకం

క్రమ సంఖ్య	పోస్టు	గ్రేడ్/ స్కేల్	ఖాళీ
1	[illegible]	SMGS-V	01
2	[illegible]		01
3	[illegible]		01
4	[illegible]		01
5	[illegible]	MMGS-III	02
6	[illegible]	MMGS-II	10
7	[illegible]		10
8	[illegible]		06

https://bank.sbi/web/careers లేదా https://www.sbi.co.in/web/careers లో ప్రకటన సంఖ్య CRPD/SCO/2022-23/08
• ఆన్ లైన్ లో దరఖాస్తు చేయుటకు తేదీలు : 21.05.2022 నుండి 12.06.2022 వరకు
"CONTACT US" → "Post Your Query"

A for Appointments
ప్రత్యేక ధరకే 'ఈనాడు'లో ఉద్యోగ ప్రకటనలు
ఈనాడు
సోమాజిగూడ, హైదరాబాద్.
Cell: 8008567995

(c) eenadu

HOUSING.COM Trusted place to find your home
35.0 L
45.0 L
adpushup
Report this ad

मिलाप की अपील

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यूरिया उत्पादन रुकवाया

जनता द्वारा कारखाने के कारण खराब हो रही आबो हवा की अनेक शिकयतों के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने रामागुंडम फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड (आरएफसीएल) को उर्वरक उत्पादन रोक देने की नोटिस दे दी और 12 लाख रुपये की गारंटी की रकम जब्त कर ली। स्थानीय लोगों को शिकायत थी कि उर्वरक उत्पादन इकाई के कारण चारों तरफ बदबू फैल रही थी।

केंद्र ने हाल ही में कारखाने की दशा सुधारने के लिए 6,120 करोड़ रुपये खर्चे थे, ताकि इकाई प्रति वर्ष 12.5 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन करने लगे। अधिकारियों ने विगत 28 फरवरी, 2020 को ट्रायल रन शुरू किया था।

लेकिन इकाई के इर्द-गिर्द रहने वालों ने गैसों के रिसाव समेत बदबू फैलने तथा अन्य अनेक परेशानियों की शिकायत की थी। वहाँ से निकलने वाले उच्छिष्ट से पानी भी प्रदूषित हो रहा था। गैसों के लीकेज की शिकायतें तो आस-पड़ोस की दूर बसी हुई कई कालोनियों से आने लगी थीं। आरएफसीएल यूनियन के प्रेसिडेंट अंबाति नरेश ने आरोप लगाया कि गुणवत्ता पूर्ण काम के न होने से गैसों का रिसाव हो रहा है और गंदे पानी के निकास की व्यवस्था बदले जाने से जल गंदा होने लगा है।

खालिद को आतंकवादी नहीं ठहराया जा सकता : कोर्ट

नई दिल्ली, 30 मई-(भाषा)
दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद द्वारा महाराष्ट्र के अमरावती में दिए गए भाषण की भाषा सही नहीं थी, हालाँकि ऐसा होना इसे आतंकवादी कृत्य नहीं बनाता। खालिद को फरवरी-2020 में यहाँ दंगे भड़काने की कथित साजिश से संबंधित यूएपीए कानून के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया था।

उच्च न्यायालय ने उक्त टिप्पणी खालिद की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसने इस मामले में निचली अदालत द्वारा 24 मार्च को उसकी जमानत अर्जी खारिज करने के फैसले को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने कहा कि भाषण की भाषा का गलत होना, इसे आतंकवादी कृत्य नहीं बनाता। हम इसे भली-भाँति समझते हैं। यदि अभियोजन का मामला इस बात पर आधारित है कि भाषण कितना आक्रामक था, तो यह अपने आप में अपराध नहीं होगा। हम उन्हें एक अवसर देंगे।

पीठ ने कहा कि भाषण आक्रामक और आपत्तिजनक था और इसे मानहानिकारक माना जा सकता है, लेकिन इसे आतंकवादी गतिविधि नहीं ठहराया जा सकता। अदालत खालिद के वकील द्वारा पेश दलीलों पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें खालिद द्वारा 17 फरवरी, 2020 को अमरावती में दिए गए भाषण का उल्लेख किया गया। वकील ने इस मामले में संरक्षित गवाहों द्वारा दिए गए बयानों को भी पढ़ा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 4 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की।

विमान दुर्घटनास्थल से 21 शव बरामद

काठमांडू, 30 मई-(भाषा)
नेपाल के पर्वतीय मुस्तांग जिले में रविवार को तारा एअर का विमान जिस जगह दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, वहाँ से 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि विमान में 4 भारतीयों समेत कुल 22 लोग सवार थे और यह पोखरा से उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

तारा एअर का टर्बोप्रॉप ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी विमान रविवार की सुबह नेपाल के पर्वतीय इलाके में लापता हो गया था। कनाडा निर्मित विमान में 4 भारतीय, 2 जर्मन और 13 नेपाली नागरिकों सहित कुल 22 लोग सवार थे। इसमें चालक दल के 3 नेपाली सदस्य भी सवार थे। यह विमान पोखरा से मध्य नेपाल स्थित मशहूर पर्यटक शहर जोमसोम की ओर जा रहा था। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएनाद्वार) जारी एक बयान के मुताबिक, बचावकर्मियों ने दुर्घटनास्थल से 21 शवों को बरामद कर लिया है। बयान में कहा गया कि एक व्यक्ति अब भी लापता है। बयान में कहा गया कि 10 शवों को काठमांडू लाया गया है, जबकि 11 शव आधार शिविर ले जाए गए हैं, जहाँ से राहत कार्य का समन्वय हो रहा है। तारा एअर के प्रवक्ता सुदर्शन बर्तोला ने कहा कि खोज एवं बचाव दल बचे हुए एक व्यक्ति की तलाश में इलाके में छानबीन कर रहे हैं।

राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी और प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने विमान हादसे में चालक दल के सदस्यों और यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। सरकार ने तारा एअर विमान दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए वरिष्ठ वैमानिक इंजीनियर रतीश चंद्र लाल सुमन की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय जाँच आयोग का गठन किया है।

सीएएएन के महानिदेशक प्रदीप अधिकारी ने सोमवार को संसद की अंतरराष्ट्रीय समिति की बैठक में कहा कि प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि विमान खराब मौसम के कारण बाईं ओर मुड़ने के बजाय दाईं ओर मुड़ने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इससे पहले अपराह्न में सीएएएन ने एक बयान में बताया कि मुस्तांग जिले के थसांग-2 में 14,500 फुट की ऊँचाई पर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

माय रिपब्लिका समाचार-पत्र की खबर के अनुसार, खराब मौसम के कारण अवरुद्ध एक मार्ग को साफ करने के लिए इलाके में पहुँचे इंदा सिंह ने पाया कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि विमान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। समाचार-पत्र ने सिंह के हवाले से कहा कि विमान में सवार सभी लोग मृत मिले हैं। शव शिनाख्त करने की स्थिति में हैं। सिंह ने बताया कि विमान में आग नहीं लगी थी। विमान संभवत: एक चट्टान से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ। सीएएएन के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर नेपाल की सेना, एयर डायनेस्टी, कैलाश हेलिकॉप्टर, फिशटेल एयर हेलिकॉप्टर के खोज एवं बचाव दल और अन्य बचाव कर्मी तैनात किए गए हैं।

एपी में सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत, 11 घायल

अमरावती, 30 मई-(भाषा)
आंध्र-प्रदेश के पलनाडु जिले के रेंटाचिंताला में रविवार देर रात भीषण सड़क दुर्घटना में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि क्षमता से अधिक लोगों को लेकर जा रही एक वैन रेंटाचिंताला में एक विद्युत केंद्र के पास सड़क के किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि छोटी वैन में कम से कम 38 लोग सवार थे, जो तीर्थयात्रा करके श्रीशैलम लौट रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने फोन पर कहा कि हम हादसे के कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हैं। कुछ को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुंटूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दु:ख व्यक्त किया और सरकार से मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने तथा घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

भारी बारिश के कारण जामा मस्जिद का गुंबद क्षतिग्रस्त

नई दिल्ली, 30 मई-(भाषा)
दिल्ली में सोमवार शाम आँधी और उसके बाद आई भारी बारिश के कारण ऐतिहासिक जामा मस्जिद के गुंबद और अन्य हिस्सों को नुकसान पहुँचा है। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने कहा कि मस्जिद की एक मीनार और अन्य हिस्सों से पत्थर टूटकर गिरने से 2 लोग घायल हो गए। बुखारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मुख्य गुंबद का कलश टूटकर गिर गया और नुकसान से बचने के लिए इसे तत्काल ठीक करने की जरूरत है। मस्जिद के ढाँचे के कुछ और पत्थर भी गिर गए। मैं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की मदद से मस्जिद की तत्काल मरम्मत करने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखूँगा। दिल्ली वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि एक टीम को जामा मस्जिद के निरीक्षण और नुकसान के आकलन के लिए भेजा गया है।

रास के लिए के. लक्ष्मण नामित

हैदराबाद, 30 मई-(मिलाप ब्यूरो)
भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के लिए घोषित नामों में तेलंगाना से भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण के नाम की घोषणा की। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा घोषित उम्मीदवारों के नामों में मध्य-प्रदेश से सुमित्रा वाल्मिकी, कर्नाटक से लहर सिंह सिरोया व उत्तर प्रदेश से मिथिलेश कुमार के नामों की घोषणा की। ज्ञातव्य है कि राज्यसभा के लिए 10 जून को चुनाव होने हैं।

मंकीपॉक्स महामारी का रूप नहीं लेगा : डब्ल्यूएचओ

लंदन, 30 मई-(एपी)
मंकीपॉक्स को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की शीर्ष विशेषज्ञ ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता यह बीमारी एक महामारी का रूप लेगी, लेकिन इसके बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी है। उन्होंने कहा कि एक सवाल यह है कि यह बीमारी वास्तव में किस तरह फैलती है और क्या दशकों पहले चेचक टीकाकरण पर रोक लगाए जाने के कारण किसी तरह इसका प्रसार तेज हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की डॉक्टर रोजमंड लुईस ने सोमवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि विश्व स्तर पर दर्जनों देशों में अधिकतर समलैंगिक, उभयलिंगी या पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष मंकीपॉक्स के शिकार हुए हैं, ताकि वैज्ञानिक इसके बारे में और अध्ययन कर सकें और जो लोग इसका शिकार हो सकते हैं, उन्हें ऐहतियात बरतने की सलाह दे सकें। उन्होंने कहा कि कोई भी इस बीमारी की चपेट में आ सकता है, भले ही उसकी लैंगिक पहचान कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि इस बात की आशंका नहीं है कि यह बीमारी महामारी का रूप ले लेगी।

मंकीपॉक्स मानव चेचक के समान एक दुर्लभ वायरल संक्रमण है। यह पहली बार 1958 में शोध के लिए रखे गए बंदरों में पाया गया था। मंकीपॉक्स से संक्रमण का पहला मामला 1970 में दर्ज किया गया था। यह रोग मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्रों में होता है और कभी-कभी अन्य क्षेत्रों में पहुँच जाता है।

छात्राओं ने हिज़ाब पहनने की माँगी अनुमति

मंगलुरू, 30 मई-(भाषा)
कर्नाटक में हिजाब पर विवाद सोमवार को फिर से बढ़ गया, क्योंकि मंगलुरू विश्वविद्यालय की कुछ छात्राओं ने दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त (डीसी) से संपर्क कर परिसर में इसे (हिजाब को) पहनने की इजाजत माँगी।

शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने की शनिवार को फिर से माँग करने वाली 12 छात्राएँ सोमवार को भी यूनिवर्सिटी कॉलेज आईं। छात्राओं के लिए ड्रेस कोड होने की वजह से विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उन्हें शनिवार की ही तरह सोमवार को भी प्रवेश नहीं करने दिया। उन्हें जिले के उपायुक्त से संपर्क करने को कहे जाने पर तीन छात्राएँ उनके कार्यालय गईं और एक ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त डॉ. राजेंद्र के. वी. ने कहा कि विश्वविद्यालय के सिंडिकेट ने हिजाब या भगवा स्कार्फ या ऐसा कोई कपड़ा जो शांति भंग कर सकता हो, उसकी अनुमति नहीं देने का फैसला किया है, जिसके बाद कॉलेज के अधिकारियों ने उनके प्रवेश पर रोक लगा।

उन्होंने उच्च न्यायालय के एक हालिया फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि हिजाब एक आवश्यक धार्मिक परंपरा नहीं है और उन कॉलेजों में ड्रेस कोड का पालन किया जाना चाहिए जहाँ पोशाक निर्धारित की गई है। पत्रकारों से बात करते हुए, डॉ राजेंद्र ने कहा कि विश्वविद्यालय सिंडिकेट के आदेश से नाराज कुछ छात्राओं ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा कि मैं सिंडिकेट सदस्यों के निर्णय को जिला स्तर पर चुनौती नहीं दे सकता और आपको सिंडीकेट के आदेश और नियमों का पालन करना होगा। उन्हें कानूनी पहलुओं को भी देखना होगा। मैंने उनसे कॉलेज परिसर में शांति सुनिश्चित करने की भी अपील की है।

विश्वविद्यालय के कुलपति पी सुब्रह्मण्य यदापदिथया ने मंगलुरु प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि विश्वविद्यालय को उच्च न्यायालय और राज्य सरकार के आदेशों का पालन करना है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी छात्रा को इसके क्रियान्वयन में कोई समस्या आती है, तो हम इस मुद्दे को हल करने के लिए गंभीरता से प्रयास करेंगे।

छात्राओं का कहना है कि यह आदेश प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों के लिए है न कि डिग्री कॉलेजों के लिए। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने भी शनिवार को उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया था और कहा था कि सभी को निर्धारित पोशाक पहनने के नियम का पालन करना चाहिए।

आज ईंधन नहीं खरीदेंगे पेट्रोल पंप डीलर

नई दिल्ली, 30 मई-(भाषा)
पेट्रोल पंप डीलरों के एक संगठन ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों द्वारा उनके कमीशन में बढ़ोत्तरी नहीं किए जाने के विरोध में मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की खरीद नहीं करने का फैसला किया है। हालाँकि पेट्रोल पंपों के टैंक में काफी भंडार रहता है, इसलिए पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में किसी तरह की बाधा आने की आशंका नहीं है। पेट्रोल पंप डीलर्स असोसिएशन ने कहा कि 22 राज्यों में उसके सदस्य इस विरोध में शामिल होंगे। असोसिएशन ने बयान में कहा कि पेट्रोलियम कंपनियों और डीलर संघों के बीच इस बारे में समझौता हुआ था कि डीलरों के मार्जिन में प्रत्येक 6 माह में संशोधन किया जाएगा, लेकिन 2017 से इसमें संशोधन नहीं हुआ है। हालांकि 2017 से ईंधन के दाम दोगुना हो गए हैं, लेकिन डीलरों के मार्जिन में बदलाव नहीं हुआ है।

अभिभावक ने लिया जाति-धर्म नहीं का प्रमाण-पत्र

कोयंबतूर, 30 मई-(भाषा)
कोयंबतूर के एक दंपत्ति ने साढ़े तीन साल की अपनी बेटी के लिए कोई जाति नहीं, कोई धर्म नहीं का प्रमाण-पत्र हासिल किया है। दंपत्ति - नरेश कार्तिक और गायत्री अपनी बेटी विल्मा को स्कूल में दाखिला दिलाना चाहते थे, लेकिन सभी स्कूलों ने जाति और धर्म प्रमाण-पत्र जमा करने पर जोर दिया। लेकिन दंपत्ति ने कहा कि वे प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के इच्छुक नहीं हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी बेटी स्कूलों में प्यार और समानता सीखना चाहती है। कार्तिक के एक करीबी दोस्त ने सोमवार को बताया कि ऐसे प्रमाण-पत्र के लिए जोर नहीं देने वाले शैक्षणिक संस्था की तलाश करने के बाद नरेश कार्तिक ने विभिन्न अधिकारियों से संपर्क किया और जिलाधिकारी जी.एस. समीरन से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने स्कूलों में दाखिले के लिए बच्चों की जाति और धर्म के प्रमाण-पत्र के संबंध में तमिलनाडु सरकार के 1973 के एक आदेश का हवाला देते हुए कार्तिक को उत्तरी कोयंबतूर के तहसीलदार से संपर्क करने के लिए कहा। इसके बाद दंपत्ति ने तहसीलदार से मुलाकात की, जिन्होंने एक हलफनामा देने के लिए कहा, जिसमें यह बताने को कहा गया कि अभिभावक को पता है कि जाति नहीं, धर्म नहीं प्रमाण-पत्र प्राप्त करने से उनका बच्चा जाति और धर्म के आधार पर किसी सरकारी आरक्षण या विशेषाधिकार प्राप्त करने के योग्य नहीं होगा।

कार्तिक के दोस्त ने कहा कि दंपत्ति को प्रमाण-पत्र मिल गया और इसमें उल्लेख है कि उनकी बेटी किसी जाति या धर्म से संबंधित नहीं है। कार्तिक के मुताबिक, ज्यादातर लोगों को इस तरह के प्रमाण-पत्र की जानकारी नहीं है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारत तेज़...

कि अपना जीवन अपने सपनों के नाम कर दो, सपने पूरे होने के लिए ही हैं। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार अपने 8 साल पूरे कर रही है, तब देश का आत्मविश्वास, देशवासियों का खुद पर भरोसा अभूतपूर्व है।

मोदी ने कहा कि देश भ्रष्टाचार, हजारों करोड़ के घोटालों, भाई-भतीजावाद, आतंकवादी संगठनों और क्षेत्रीय भेदभाव के दुष्चक्र से बाहर निकल रहा है, जिसमें वह 2014 से पहले फँसा हुआ था। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के लिए एक मिसाल है कि बेहद मुश्किल दिन भी बीत जाते हैं।

मोदी ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन यह दर्शाता है कि हर नागरिक उनके साथ खड़ा है। पीएम केयर्स कोष के बारे में उन्होंने कहा कि इस कोष ने कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान अस्पतालों को तैयार करने, वेंटिलेटर खरीदने, ऑक्सीजन संयंत्र लगाने में भी काफी मदद की। उन्होंने कहा कि इसके जरिए कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और कई परिवारों का भविष्य बचाया जा सकता है।

अपने माता-पिता को महामारी में खो चुके बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए मोदी ने कहा कि निराशा के माहौल में भी अगर हम खुद पर विश्वास रखें, तो आशा की एक किरण अवश्य दिखाई देती है। हमारा देश स्वयं इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में अच्छी किताबें उनकी विश्वसनीय दोस्त बन सकती हैं।

मोदी ने बच्चों से रोग मुक्त रहने, खेलो इंडिया तथा फिट इंडिया मूवमेंट में शामिल होने और उसका नेतृत्व करने का आह्वान किया। मोदी ने उनसे योग दिवस में हिस्सा लेने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन कोरोना वायरस से प्रभावित ऐसे बच्चों की मुश्किलों को कम करने का एक छोटा-सा प्रयास है, जिन्होंने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ज्ञानवापी पर...

श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा-अर्चना करने और विभिन्न विग्रहों की सुरक्षा से संबंधित एक याचिका दायर की थी। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मोहमद तोहिद खान ने कहा कि हममें आज अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखा है। अभी हमारी बहस पूरी नहीं हुई है। अदालत ने सुनवाई के लिए 4 जुलाई की तारीख तय की है। अगली सुनवाई को भी हमारी बहस जारी रहेगी।

वहीं ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की पूजा की अनुमति देने के याचिका पर सुनवाई करते हुए त्वरित अदालत ने 8 जुलाई को अगली तारीख तय की है। शासकीय अधिवक्ता सुलभ प्रकाश ने बताया कि अदालत ने सुनवाई के दौरान मूल वाद की कॉपी सारे वादियों को देने के लिए कहा है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की है।

विश्व वैदिक संघ की महामंत्री किरण सिंह ने 24 मई को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार की अदालत में ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश को वर्जित करने, परिसर को हिंदुओं को सौंपने के साथ ही ज्ञानवापी परिसर में प्राप्त शिवलिंग के नियमित दर्शन-पूजन करने के अधिकार के लिए याचिका डाली थी, जिसमें नियमित पूजा-अर्चना के बिंदु को तात्कालिकता को देखते हुए अदालत ने दूसरे दिन बुधवार को सुनवाई का समय दिया था। जिसे जिला जज ए.के. विश्वेश ने त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत के पास भेजते हुए सुनवाई की तारीख 30 मई निर्धारित की थी, जिस पर आज सुनवाई करते हुए त्वरित अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की है। गौरतलब है कि इस मामले में सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने पिछले 26 अप्रैल को परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराने के आदेश दिए थे। इस सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। सर्वे के दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजू खाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था, जिसे मुस्लिम पक्ष ने खारिज करते हुए कहा था कि वह शिवलिंग नहीं, बल्कि फव्वारा है। इसी बीच उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की एक याचिका पर मामले को जिला जज की अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वीडियो पर...

अगर चरित्र इस्लामी है, तो क्या पूजा फलीभूत होगी और यदि चरित्र सनातनी है, तो क्या नमाज जायज होगी। इस एक प्रश्न का उत्तर बता दीजिए, समस्या का समाधान भी हो जाएगा और धर्मसत्ता के लिए हिलोरें मार रही धारणाएँ भी सबके चश्मे से सबको देखना शुरू कर देंगी।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राकेश टिकैत...

के आरोप राज्य सरकार पर लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यहां स्थानीय पुलिस की तरफ से कोई सुरक्षा नहीं दी गई थी। यह सब सरकार की मिलीभगत से हुआ है। खबर है कि दोनों नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह सफाई दे रहे थे कि वे इस मामले में शामिल नहीं हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान नेता कोडिहल्ली के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्रकारों और नेताओं के बीच सवाल-जवाब का दौर चल ही रहा था कि कुछ लोगों ने उनपर काली स्याही फेंक दी।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समीर वानखेड़े...

तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि क्रूज ड्रग्स केस में पिछले हफ्ते ही एनसीबी ने चार्जशीट दाखिल की थी। एनसीबी की चार्जशीट में आर्यन समेत तीन अन्य आरोपियों के नाम शामिल नहीं किया था। इसके बाद एनडीपीएस कोर्ट ने आर्यन खान समेत तीन लोगों को क्लीन चिट दे दी थी। आर्यन खान को क्लीन चिट मिलने के बाद से एनसीबी और समीर वानखेड़े पर सवाल खड़े हो रहे थे। लोग एनसीबी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे थे। वहीं कुछ लोग इसे बदले की कार्रवाई करार दे रहे थे। दरअसल एनसीबी ने एनडीपीएस कोर्ट में स्वीकार किया था आर्यन खान के पास से ना तो ड्रग्स बरामद हुए थे और ना ही आर्यन खान के ड्रग्स लेने के सबूत मिले थे।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गायक हत्याकांड...

उनके परिवार के साथ है और मैं वाहेगुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। मूसेवाला के पिता ने इससे पहले मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर अपने बेटे की हत्या की उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से जाँच कराने की माँग की थी। समझा जाता है कि मूसेवाला का परिवार पोस्टमॉर्टम कराने के लिए तैयार नहीं था। मान को लिखे पत्र में बलकौर सिंह ने घटना के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की कथित अक्षमता को जिम्मेदार ठहराया। सिंह ने पत्र में लिखा कि शुभदीप की माँ मुझसे पूछ रही हैं कि उनका बेटा कहाँ है और वह कब लौटेगा। मैं क्या जवाब दूँ? उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मुझे न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले की जाँच उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से कराई जानी चाहिए। पंजाब सरकार को जाँच में सीबीआई और एनआईए की मदद भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

मूसेवाला के पिता ने माँग की कि उनके बेटे की सुरक्षा की समीक्षा करने वाले और सुरक्षा वापस लिए जाने संबंधी आदेश को सार्वजनिक करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मूसेवाला (28) की रविवार को पंजाब के मानसा जिले में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मूसेवाला के चचेरे भाई और एक दोस्त उनके साथ महिंद्रा थार जीप में यात्रा कर रहे थे, वह दोनों हमले में घायल हो गए। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वी.के. भावरा ने रविवार को कहा था कि मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या गिरोहों के बीच आपसी दुश्मनी का परिणाम लग रही है और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह इसमें शामिल है। भावरा ने कहा कि घटनास्थल से गोलियों के 30 खोखे बरामद किए गए हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि वारदात में कम से कम 3 हथियारों का इस्तेमाल किया गया होगा। पुलिस महानिदेशक के मुताबिक, मानसा जिले में वारदात के समय मूसेवाला अपने साथ तैनात दो कमांडो को साथ नहीं ले गए थे। उन्होंने बताया कि मूसेवाला अपना निजी बुलेट प्रूफ वाहन भी नहीं ले गए थे।

आईपीएल फाइनल में राजस्थान की हार से दु:खी छात्र ने की खुदकुशी

भदोही, 30 मई-(भाषा)
उत्तर-प्रदेश के भदोही जिले में कथित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में अपनी पसंदीदा टीम के हार जाने से क्षुब्ध 20 वर्षीय एक छात्र ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि चौरी थाना क्षेत्र के बनकट गाँव का निवासी राकेश पटेल (20) रविवार रात आईपीएल का फाइनल मैच देख रहा था। उन्होंने बताया कि मुकाबले में अपनी पसंदीदा टीम राजस्थान रॉयल्स के हार जाने के बाद वह घर से बाहर चला गया और फिर नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि आज सुबह भकोड़ा गाँव के पास पटेल का ट्रेन से कटा शव पाया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसने हार-जीत पर धन की शर्त लगायी थी, इसलिए उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। बहरहाल पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, 30 मई-(भाषा)
जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के साथ रात भर चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलवामा के गुंडीपुर में रविवार रात सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से दो एके राइफल और अपराध में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री बरामद की है।

ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन GHMC

'ई' अधिप्राप्ण सूचना

अधीक्षक अभियंता कार्यालय, कुकटपल्ली ज़ोन, जीएचएमसी

एनआईटी सं. 10/एसई/केपीजेड/जीएचएमसी/2022-23, **दि. 28-05-2022**

एनआईटी सं. 10/एसई/केपीजेड/जीएचएमसी/2022-23, दिनांक: 28-05-2022, **कार्य का नाम :** बॉक्स ड्रेन, सेन्ट्रल मेडियन, बॉक्स कलवर्ट एवं एसडब्ल्यूडी। **अनुमानित राशि/ईसीवी (रु. लाखों में) :** 508.50, **बोलियों की प्राप्ति के लिए प्रारंभिक तिथि/अंतिम तिथि एवं समय :** 30-05-2022 को अपराह्न 02.00 बजे, 06-06-2022 को अपराह्न 02.00 बजे, **अधिकारी का नाम एवं पता, सेल नं. :** एसई/केपीजेड, जीएचएमसी, **9989930363.**
(DIPR No. 2432-PP/CL/ADVT/1/2022-23) हस्ता/-अधीक्षक अभियंता, कुकटपल्ली ज़ोन, जीएचएमसी

भारत सरकार
परमाणु उर्जा विभाग
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, परियोजनाएँ - मैसूरु
सत्यमेव जयते
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

डाक बैग संख्या-1 येलवाल, मैसूर - 571130 दुरभाष क्र. : 0821-2406660 फैक्स : 0821-240 3064

निविदा आमंत्रण सूचना तिथि 28.01.2022

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अधीक्षक अभियंता, भापअकें, मैसूरु,अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता संपन्न ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य (कार्यों) के लिए मुहर बंद मद दर निविदाएँ आमंत्रित करते हैं।

निविदा संदर्भ संख्या	बीएआरसी / एमवाईएस / डीसीआई / ईएलईसी / डब्ल्यूटी- 01 / 2021- 22 दिनांक। 28.01.2022
कार्य का नाम	भापअकें, मैसूरु में आंतरिक विद्युत बिजली वितरण कार्य
अनुमानित लागत	रु.200 लाख (रुपये दो सौ लाख मात्र)
समापन अवधि	12 कैलेंडर माह जिसमें मनसून अवधि भी शामिल है।
बयाना जमा राशि	रु.4 लाख (रुपये चार लाख मात्र)
निविदा बिक्री की अवधि	On LINE

इच्छुक ठेकेदार कृपया पात्रता तथा अन्य विवरण के लिए विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) देखें जिसे हमारी वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app तथा www.barc.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। एनआईटी संपर्क 0821 240 6610/6660, (9448938269, 8096802264) ईमेल: gshegde@barc.gov.in; kvbrao@barc.gov.in

हस्ता/-
मुख्यअभियंता
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से

MISHRA DHATU NIGAM LIMITED
MIDHANI — AN ISO 9001:2008 COMPANY
Corporate Identity Number (CIN): L14292TG1973GOI001660
Registered Office: PO – Kanchanbagh, Hyderabad - 500058, Telangana
Tel. No: 040-2418 4515 Fax No: 040-29568502
Email Address: company.secretary@midhani-india.in Website: www.midhani-india.in

पोस्टल बैलेट/ई-वोटिंग की सूचना

कंपनीज एक्ट, 2013 (**'द एक्ट'**) के सेक्शन 108 एवं 110 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियम जिसे कर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (**'एमसीए सकुर्लर्स'**) द्वारा जारी जनरल सर्कुलर सं. 3/2022 दिनांक 5, 2022 (इस संदर्भ में जारी पूर्व सर्कुलर के क्रम में) एवं सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिकेशन्स एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट), रेग्युलेशन, 2015 के साथ पढ़ा जाए, का अनुपालन करते हुए सदस्य कृपया नोट करें कि मिश्र धातु निगम लिमिटेड (**'मिधानी या कंपनी'**) ने कंपनी के सभी सदस्यों, जो कंपनी/डिपॉजिटरीज़/डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स/कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट यानि अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड के साथ रजिस्टर्ड ई-मेल है, को नीचे उल्लेखित के लिए ई-वोटिंग के माध्यम से उनकी अनुमति लेने के लिए ई-मेल द्वारा इस एक्ट के सेक्शन 102 (1) के अनुपालन में बयान के साथ पोस्टल बैलेट सूचना (**'नोटिस'**) भेजी है।

1. स्वतंत्र निदेशक के रूप में श्रीमती वल्लिक्कट थानायांकिझिल रेमा (डीआईएन : 09561611) की नियुक्ति।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट यानि **https://midhani-india.in/investors** सेक्शन के अंतर्गत एवं नेशनल सेक्युरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.evoting.nsdl.com/**साथ ही स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानि बीएसई लिमिटेड (बीएसई) **https://www.bseindia.com/** एवं भारत के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (एनएसई) **https://www.nseindia.com/**पर भी उपलब्ध है।

एक्ट के लागू प्रावधानों एवं एमसीए सर्कुलर्स के अनुपालन में मिधानी ने केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से ई-वोटिंग के लिए अनुदेश एवं निर्देशों के साथ सूचना उन्हीं सदस्यों को भेजी है, जिनके पास **शुक्रवार, 27 मई, 2022 (कट ऑफ तिथि)** तक इक्विटी शेयर्स हैं। तदनानुसार, इस सूचना की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट प्रपत्र एवं प्रीपेड व्यवसायिक जवाबी लिफाफा इस पोस्टल बैलेस्ट उपयोग के लिए नहीं भेजा गया है। सदस्यों से आग्रह है कि अपनी स्वीकृति के लिए प्रस्तावित संकल्प पर अपनी स्वीकृति के लिए इस सूचना में रेखांकित ई-वोटिंग निर्देशों को देखें। सदस्यों से आग्रह है कि प्रस्तावित संकल्प पर अपनी स्वीकृति/अस्वीकृति केवल ई-वोटिंग सुविधा के माध्यम से प्रदान करें।

मिधानी ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने के लिए कंपनी के सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एनएसडीएल को नियुक्त किया हुआ है। केवल वही सदस्य जिनके नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर या कट ऑफ डेट तक डिपाजिटरी द्वारा लाभार्थी मालिकों के रजिस्टार में बनाए रखे हैं, में रिकार्ड किए गए है, कंपनी के कुल चुकता इक्विटी शेयर पूँजी में अपनी हिस्सेदारी अनुपात में अपने मतदान के उपयोग के हकदार होंगे।

नीचे उल्लेखित अवधि के दौरान ई-वोटिंग सुविधा उन्हीं सदस्यों को होगी, जिनका नाम कटऑफ तिथि तक एनएसडीएल एवं सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराए गए सदस्यों/लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देंगे।

ई-वोटिंग प्रारंभ होना	1 जून, 2022 (बुधवार) को सुबह 9.00 बजे से (भामास)
ई-वोटिंग बंद होना	30 जून (गुरुवार) को सायं 5.00 बजे (भामास)

सदस्यों से आग्रह है कि ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से अपनी स्वीकृति (सहमति) या अस्वीकृति (विरोध) 30 जून, 2022 को सायं 5-00 बजे (भामास) से पूर्व रिकॉर्ड कराएँ। इसके पश्चात ई-वोटिंग एनएसडीएल द्वारा तत्काल अवरुद्ध कर दी जाएगी एवं कथित तिथि एवं समय के बाद अनुमति नहीं होगी।

ई-वोटिंग प्रक्रिया से संबंधित तरीका, निर्देश एवं अन्य जानकारी (इसमें फिजिकल प्रारूप में शेयर धारक सदस्य या वे जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं प्रक्रिया भी शामिल है) इस सूचना का हिस्सा होगी।

सदस्य जिन्होंने अपना ई-मेल पता रजिस्टर्ड नहीं किया हैं, से आग्रह है कि अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट (पार्टिसिपेंट्स) के साथ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रखे शेयर के संदर्भ में एवं फिजिकल प्रारूप में रखे शेयर के संबंध में अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवाला एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110055 पर फोलियो नंबर के विवरण एवं पैनकार्ड के स्वयं सत्यापित कॉपी के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) यानि अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड (अलंकित) को लिखकर या **rta@alankit.com** को ई-मेल भेजकर रजिस्टर कराएँ एवं सदस्य **company.secretary@ midhani-india.in** पर कंपनी को ई-मेल पर भी भेज सकते हैं।

कंपनी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शक तरीके से ई-वोटिंग प्रक्रिया की जाँच-पड़ताल के लिए जाँचकर्ता के रूप में सीएस नवज्योत पुट्टापर्ती, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी नियुक्त किया है। पोस्टल बैलेट का परिणाम जाँचकर्ता की रिपोर्ट के साथ शनिवार, 2 जुलाई, 2022 को या इससे पूर्व घोषित की जाएगी, मिधानी के कॉर्पोरेट कार्यालय के साथ ही पंजीकृत कार्यालय पर प्रदर्शित की जाएगी, स्टॉक एक्सचेंजों को भेजी जाएगी एवं मिधानी की वेबसाइट यानि **https://midhani-india.om/** और एनडीएसएल की वेबसाइट **https://www.evoting.nsdl.com/** एवं स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानि **https://www.bseindia.com/**एवं **https://www.nseindia.com/**पर अपलोड की जाएगी।

किसी भी प्रकार के पूछताछ के लिए आप **https://www. evoting. nsdl.com/** के डाउनलोड सेक्शन पर शेयरधारक के लिए बार-बार प्रश्न पूछे (एफएक्यू) एवं शेयरधारक के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं या टोलफ्री नं. : 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर कॉल करें या **evoting@nsdl.co.in** पर सुश्री सोनी सिंह, एनएसडीएल को आग्रह करें।

कृते **मिश्र धातु निगम लिमिटेड**
हस्ता/- **पॉल एंटोनी**
कंपनी सेक्रेटरी एण्ड कम्प्लाइंस ऑफिसर
सदस्यता सं. ए 29037

स्थान : हैदराबाद
दिनांक : 30 मई, 2022